दिनांक : 14.04.2024 समय : 07.10 पीएम

आकाशवाणी भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के लिए चरम पर पहुंचा प्रचार। प्रधानमंत्री ने पिपरिया में की चुनावी रैली।
- भारतरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- शतप्रतिशत मतदान के लिये प्रदेश में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।
- धार की एतिहासिक स्मारक भोजशाला में आज 24वें दिन भी जारी रहा एएसआई का सर्वेक्षण।

..............

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

लोकसभा सीट–जबलपुर

देश के प्रमुख लोकसभा क्षेत्रों की श्रंखला में आज बात करते हैं प्रदेश की जबलपुर लोकसभा सीट की।

52 तालाबों और अनेक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से युक्त मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी जबलपुर की लोकसभा सीट अनारक्षित है और प्रदेश की महत्वपूर्ण सीटों में से एक है। जबलपुर लोकसभा सीट में आठ विधानसभा क्षेत्र हैं। इस सीट पर 18 लाख 83 हजार से ज्यादा मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें से करीब 9 लाख 57 हजार पुरुष और 9 लाख 26 हजार महिला मतदाता हैं। जबकि 97 मतदाता थर्ड जेंडर के हैं। जबलपुर में कुल 19 उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने आशीष दुबे को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने दिनेश यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा और कई स्थानीय पार्टियों के साथ ही 7 निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार विवेक कृष्ण तन्खा को करीब साढ़े चार लाख वोटों के अंतर से हराया था। गोंडवाना और कल्चुरी काल के इतिहास को समेटे और रक्षा मंत्रालय की निर्माण इकाइयों के लिए मशहूर जबलपुर सीट पर पिछले 27 साल से भाजपा का कब्जा है।

–संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

भाजपा घोषणा पत्र

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में यह संकल्प पत्र जारी किया गया। संकल्प पत्र में भाजपा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले 5 वर्ष तक जारी रखने की बात कही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है।

संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने पर बल दिया गया है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है। भाजपा ने देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ–साथ वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का वादा किया है।

भाजपा घोषणा पत्र–कांग्रेस प्रतिक्रिया

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। पार्टी नेता सुप्रिया श्रीनेत ने आज दिल्ली में कहा है कि भाजपा के घोषणापत्र में रोजगार देने के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और महंगाई कम करने जैसे मुद्दों पर भी भाजपा का घोषणापत्र मौन है।

प्रधानमंत्री– चुनाव प्रचार प्रदेश

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। आज वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पिपरिया में जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई है। इसी परिवार ने देश में आपातकाल या इमरजेंसी लगाई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा–मरोड़ा और खुद का ही महिमामंडन करवाया। भाजपा का संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब को समर्पित है। सोशल, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूती से विस्तार, भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रदेश–चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में सभी राजनीतिक दलों द्वारा जमकर चुनावी प्रचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम जिले के पिपरिया के अलावा बालाघाट, मंडला, इंदौर और भोपाल में चुनाव प्रचार किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज शहडोल के केसवाही और गोटेगांव के गडरिया मुगवानी में जनसभाओं को संबोधित किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा के सोंसर में आम सभा की।

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के लिए कार्यक्रम का सिलसिला जारी है। देवास जिले में आज स्कूलों और एनएनसी के विद्यार्थियों द्वारा माताजी की टेकरी के सीढ़ी मार्ग एवं शंख द्वार पर मतदाताओं को मतदाता जागरूकता के बैच लगाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। खण्डवा संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होगा। आज कोया शक्ति सेवा संगठन खंडवा द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला प्रशासन की ओर से सभी को शुभकामना दी गई तथा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी 8 टीम के कप्तान को मतदाता जागरूकता संबंधी कैप और शील्ड प्रदान की गई।

अशोकनगर विकासखंड के ग्राम सोनेरा के हाट बाजार में परियोजना महिला एवं बाल विकास द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुना जिले में आज आज नगर परिषद आरोन के वार्ड क्रमांक 02 आंगनबाड़ी पर ''मतदान अवश्य करें'' शपथ का आयोजन किया गया। अनूपपुर में जिला मुख्यालय में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए रंगोली, कठपुतली नृत्य तथा मतदाता शपथ के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के विकासखण्ड अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ के मतदान केन्द्रों में कार्यक्रम हो रहे हैं।

<u>अंबेडकर जयंती</u>

भारत के संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जन्मजयंती उनके पुण्य स्मरण के साथ आज प्रदेश में मनाई गई। महू स्थित उनके जन्मस्थल उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयर्गीय के साथ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघार ने भी श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। भोपाल विधानसभा में इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह सहित विधानसभा सचिवालय के अधिकारी उपस्थित थे। सीहोर में विभिन्न संगठनों के लोगों ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को फूलमाला पहनाई और सादर नमन किया। एक चल समारोह का भी निकाला गया। देवास, में आज सुबह सर्व समाज द्वारा विशाल रैली निकाल कर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। बैतुल में बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान को बचाने और मतदान करने की शपथ ली। नर्मदापुरम जिले में अजाक्स की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में शहर के बस स्टैंड स्थित अम्बेडकर की प्रतिमा पर 51 किलो का केक काटा गया। खंडवा शहर के शेर चौराहा स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके साथ ही खालवा हरसूद एवं जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रतलाम के अंबेडकर सर्किल में भी माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<u>भोजशाला में 24वां दिन</u>

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर ए.एस.आई टीम द्वारा लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है। टीम द्वारा आज सर्वे का 24 वां दिन था। सर्वे दल में आज 22 अधिकारी और 27 मजदूर थे। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सर्वे किया गया। भोजशाला में चारो ओर 50 मीटर एरिया की मैपिंग कर सर्वे किया जा रहा है। अभी तक चिन्हित किए गए लगभग 20 स्थानों में उत्खनन का कार्य चल रहा है। भोजशाला के अंदरूनी और बाहरी क्षेत्र मे स्ट्रक्चर, स्तंभों, शिलालेखों, का बारीकी से परीक्षण कर फोटोग्राफी और विडियो ग्राफी की जा रही हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- इंदौर में आज एबी रोड पर स्थित सी–20 मॉल के सामने एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। जिसमें भारी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने काबू पा लिया है।
- रीवा के मनिका गांव में 160 फिट गहरे बोरवेल में गिरे 6 साल के बालक मयंक को बचाया नहीं जा सका। 45 घंटे के बचाव अभियान के बाद मयंक को निकाला गया था।
- शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान स्थित बलारी माता मंदिर में आज से तीन दिवसीय मेला शुरू हो गया है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं।

———————————